आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 27.04.2024

मुख्य समाचारः–

1– छत्तीसगढ़ के बिरनपुर हत्याकांड की जांच सीबीआई करेगी–केन्द्र सरकार ने जारी की अधिसूचना।

2– प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत कल छब्बीस अप्रैल को हुए मतदान के अंतिम आंकड़े आए–पिछले चुनाव से करीब डेढ़ प्रतिशत अधिक हुआ है मतदान।

3– राज्य में तीसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार ने जोर पकड़ा।

4– जांजगीर–चाम्पा जिले में आज हुई एक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत।

बिरनपुर हत्याकांड–सीबीआई जांच

बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में करीब एक साल पहले हुए एक युवक की हत्या के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। इस संबंध में केन्द्र सरकार ने कल अधिसूचना जारी कर दी। केंद्रीय जांच ब्यूरो–सीबीआई ने केन्द्र सरकार की अधिसूचना के आधार पर इस मामले से संबंधित बारह आरोपियों के खिलाफ पुनः मामला दर्ज कर लिया है।

गौरतलब है कि बिरनपुर गांव में पिछले साल आठ अप्रैल को दो समुदायों के बीच हुई झड़प में एक युवक भुवनेश्वर साहू की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने बारह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। ये सभी आरोपी अभी न्यायिक हिरासत में हैं। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की घोषणा की थी। राज्य सरकार की सहमति के बाद केन्द्र सरकार ने इस मामले को सीबीआई को सौंप दिया है।

इस बीच, सीबीआई की टीम आज शाम रायपुर पहुंच गई है और बेमेतरा के लिए भी रवाना हो गई है।

दूसरा चरण मतदान–प्रतिशत

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत कल छब्बीस अप्रैल को हुए मतदान के अंतिम आंकड़े आ गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार राज्य के तीन लोकसभा क्षेत्र – राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर में कल छिहत्तर दशमलव दो–चार प्रतिशत मतदान हुआ है। इनमें सबसे अधिक राजनांदगांव में करीब सतहत्तर प्रतिशत, कांकेर में लगभग छिहत्तर प्रतिशत और महासमुंद में पचहत्तर प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

गौरतलब है कि वर्ष दो हजार उन्नीस में हुए लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में एक दशमलव तीन प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। पिछले लोकसभा चुनाव से यदि तुलना करें तो, कांकेर में करीब दो प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। वहीं, राजनांदगांव में लगभग डेढ़ प्रतिशत और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में करीब आधा प्रतिशत अधिक मतदान दर्ज किया गया है।

इन सभी लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत विधानसभा वार आंकड़ों पर नजर डाले तो, राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जहां डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक बयासी प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि सबसे कम मतदान पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में करीब इकहत्तर प्रतिशत दर्ज किया गया है। जहां तक महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की बात है तो, इसके अंतर्गत आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक करीब इक्यासी और सबसे कम महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में लगभग उनहत्तर प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। जबकि, कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आठ विधानसभा क्षेत्रों में से सिहावा में सबसे अधिक करीब अस्सी प्रतिशत और गुण्डरदेही में सबसे कम चौहत्तर प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

लोकसभा चुनाव–प्रचार

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सभी पार्टियों के स्टार प्रचारकों द्वारा अपने प्रत्याशियों के पक्ष प्रचार करने सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलरामपुर के वाड्रफनगर में चुनावी सभा ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में बड़े–बड़े वादे किये थे पर एक भी पूरा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान छत्तीसगढ़ को अत्याचार, भ्रष्टाचार और अपराध का गढ़ बना दिया था।

वहीं, कांग्रेस की ओर से पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी उनतीस अप्रैल को बिलासपुर में चुनावी सभा लेंगे। इसके अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तीस अप्रैल को जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर शिव डहरिया के पक्ष में चुनावी सभा लेंगें।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप संध्या का आयोजन किया गया। तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव में आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह और मुख्य अतिथि न्यायाधीश जे. अब्दुल जाहिद शामिल हुए। इस अवसर पर न्यायाधीश श्री जाहिद ने कहा कि मतदान हर व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण अधिकार है और प्रत्येक व्यक्ति को मतदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में न्यायाधीश ने सभी नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। वहीं, कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने कहा कि मतदान हम सभी की जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति को यह जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इस मौके पर रैंप शो का भी आयोजन किया गया, जिसमें पचहत्तर वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग सहित दिव्यांग और ट्रांसजेंडर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रैंप शो में जाने–माने मॉडल अधीर और जया भगवनानी ने भी विशेष रूप से शामिल होकर रैंप वॉक किया। सभी मॉडलों ने हाथों में तख्ती लेकर रैंप वॉक के जरिए मतदान का संदेश दिया।

वहीं, बलरामपुर जिले में शत्–प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान फुटबॉल और तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही अंब्रेला रैली का भी आयोजन किया गया। रैली में महिलाओं ने मानव श्रृंखला और स्वीप बैलून के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता गतिविधियों में जिले ने तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। इनमें फुटबाल प्रतियोगिता, स्वीप बैलून और अम्ब्रेला रैली को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया।

दुर्घटना

जांजगीर–चाम्पा जिले में आज हुई एक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इनमें एक बच्ची और महिला भी शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ये सभी लोग आज सुबह मोटर साइकिल पर सवार होकर शादी समारोह से लौट रहे थे। इसी दौरान जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र के आरसमेटा गांव के पास एक ट्रक की चपेट में आ जाने से एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल एक महिला को पामगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे बिलासपुर रिफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान महिला की भी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। इस हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने घंटों घटनास्थल पर चक्काजाम किया। बाद में पुलिस की समझाईश के बाद मामला शांत हुआ।

माओवादी–ग्रामीण हत्या

दंतेवाड़ा जिले में अज्ञात व्यक्तियों ने पूर्व जनपद पंचायत सदस्य जोगा पोड़ियाम की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के पोटली गांव के मिर्चीपारा की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट–ईवीएम/वीवीपैट

सर्वोच्च न्यायालय ने मतदान पुष्टि पर्ची– वीवीपैट और इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन–ईवीएम के शत–प्रतिशत मिलान वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। यह फैसला न्यायाधीश संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की एक बेंच ने सुनाया।

इधर, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि अब कांग्रेस के पास हार के लिए कोई बहाना नहीं बचा है। श्री साव ने कल रायपुर स्थित भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह बात कही।

लोकसभा चुनाव–होम वोटिंग

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत चुनाव कार्यों में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्रों से मतदान करने की प्रक्रिया कल अट्ठाईस अप्रैल से शुरू होगी। इसी कड़ी में कोरिया जिले के बैकुंठपुर में अट्ठाईस और उनतीस अप्रैल को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक डाक मतपत्र के जरिए वोट डाले जाएंगे।

वहीं, बेमेतरा जिले के तीन विधानसभा में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। इसके लिए आज से पच्यासी वर्ष उम्र से अधिक और दिव्यांग मतदाताओं के घर मतदान कराने के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया।

ट्रेन–परिचालन

रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा बिलासपुर–यशवंतपुर–बिलासपुर के बीच तीस अप्रैल से अट्ठाईस मई तक नौ फेरों के लिये समर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह गाड़ी बिलासपुर से प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को रवाना होगी। इसी प्रकार यशवंतपुर से प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को यह ट्रेन दो से तीस मई तक चलेगी।

इसी तरह, दुर्ग–छपरा और दुर्ग–पटना के बीच चलने वाली गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए दो समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग–छपरा–दुर्ग और दुर्ग–पटना–दुर्ग के बीच चलाई जा रही है। नागपुर रेलमण्डल में यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये इन दोनों समर स्पेशल गाड़ियों का परिचालन गोंदिया तक बढ़ा दिया गया है।

प्रवीण चक्रवर्ती–प्रेसवार्ता

प्रोफेशनल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि देश में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है। देश की जीडीपी बढ़ रही है लेकिन बेरोजगारों के लिए नौकरियां नहीं बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र का मुख्य उद्देश्य गरीबों को सामाजिक और आर्थिक न्याय प्रदान करना है। श्री चक्रवती ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना पूरे देश में कराई जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>